The Hitavada

CityLine

EXCLUSIVE FOR THE READERS IN RAIPUR, DURG & BHILAI

MONDAY, January 2, 2017


# State-level workshop on INMO inaugurated

■ Staff Reporter
DURG, Jan 1

STATE-LEVEL Workshop on Indian Mathematical Olympiad (INMO) was inaugurated by Chief Guest Professor MM Hambarde, Director General, Chhattisgarh State Science and Technology Council in Tagore Auditorium of Government VYT PG Autonomous College. Guests of Honour were Dr Udayan Prajapati, State Coordinator, RMO and INMO Gujrat, Dr VK Pathak, State Coordinator, RMO and INMO Chhattisgarh and Dr RK Jha. The program was presided by In-charge Principal Dr Sheela Agrawal. Workshop Coordinator Dr MA Siddiqui welcomed the guests. The guests threw light on importance and utility of Mathematics.

Chief Guest Professor Hambarde in his substantial lecture discussed availability of Mathematics in ancient Indian literature. He gave important suggestions of developing understanding and reasoning faculty among students. Chairperson Dr Sheela Agrawal associated Mathematics with literature.

It is noteworthy that this Workshop is organised for 35 students from Chhattisgarh having passed RMO Examination. Organising Secretary Dr Rakesh Tiwari informed these students will appear in Indian National Mathematical Olympiad (INMO) Examination scheduled on January 15 throughout India. 30 students selected from India will be given one month's training in Tata Institute of Fundamental Research, Mumbai and finally selected 6 students will participate in International Mathematical Olympiad in Brazil.



Dignitaries on the dais.

भिलाईनगर

रायपुर, बुधवार 11 जनवरी 2017

# कार्यशाला के माध्यम से स्वस्थ रहने संकल्प



मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत करते हुए

भिलाईनगर. सांई महाविद्यालय सेक्टर 6 भिलाई में नैतिक, प्रोत्साहन एवं स्वास्थ्य के प्रति छात्र छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि डॉ. प्राची सिंह साइंस कालेज, दुर्ग एवं डॉ. अपर्णा रॉवल बीआईटी दुर्ग थीं.

सांई महाविद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती ममता सिंह एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीबी तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. डॉ. प्राची सिंह ने बताया कि हम कैसे स्वस्थ रह सकते हैं तथा परीक्षा के समय होने वाली डर तथा बीमारियों के उपर कैसे काबू पाया जा सकता है. साथ-साथ हम अपने याददाश्त को कैसे बढ़ा सकते हैं जिसके तहत कुछ आसान से आसन कर हम परेशानियों से बच सकते हैं. श्रीमती अपर्णा रॉवल ने आसन को बड़ी ही सरलता से कर के दिखाया. डॉ. प्राची सिंह एवं डॉ. अपर्णा रॉवल एक प्रोफेसर होने के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता तथा सामाज सेवा से जुड़ी हुई है.

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे. मुख्य अतिथियों को सांई महाविद्यालय सेक्टर-6 भिलाई की तरफ से प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया. आभार प्रदर्शन महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती ममता सिंह ने किया. मंच का संचालन श्रीमती अंजू कुमारी ने किया.

नवभारत

रायपुर सोमवार
2 जनवरी, 2017

दुर्ग-भिलाई

छत्तीसगढ़ की ...



# गणित ओलंपियाड पर राज्य स्तरीय कार्यशाला




दुर्ग. साइंस कॉलेज के टैगोर हॉल में राज्य स्तरीय वर्कशॉप ऑन इंडियन मैथेमेटिकल ओलम्पियाड का उद्घाटन प्रो. एम.एम. हम्बर्डे, डायरेक्टर जनरल, छत्तीसगढ़ राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा किया गया. कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ. उदयन प्रजापति स्टेट कोऑर्डिनेटर, डॉ. वी.के. पाठक एवं डॉ. पी.के. झा उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीला अग्रवाल ने किया.

मुख्य अतिथि प्रो. हम्बर्डे ने प्राचीन भारतीय साहित्य में गणित की उपलब्धता पर सारगर्भित चर्चा की. उन्होंने विद्यार्थियों में विषय की समझ और तर्क शक्ति जागृत करने महत्वपूर्ण सुझाव दिया. कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अग्रवाल ने साहित्य को गणित से जोड़ते हुए अपना संबोधन दिया.

**कार्यशाला**

- तर्क शक्ति जागृत करने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

कार्यशाला में छत्तीसगढ़ से आरएमओ परीक्षा में उत्तीर्ण 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया. इसमें 5 छात्राओं का चयन किया गया है. इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विषयों के प्राध्यापक डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, डॉ. रंजना शर्मा, डॉ. कृष्णा चटर्जी, डॉ. अंशुमाला चंदनगर, डॉ. एस.के. भारती, डीपीएस दुर्ग के उमेश झा एवं श्री शंकराचार्य विद्यालय के बी. भूपेश उपस्थित थे. गणित विभाग के डॉ. पद्मावती, डॉ. विनोद कुमार साहू, निधि शर्मा, शोभा रानी एवं जयनेन्द्र श्रीवास का महत्वपूर्ण योगदान रहा. कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. राकेश तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

दैनिक भास्कर

# गणित की तरह अपनी समस्याओं को भी बांटकर कर सकते हैं हलः डॉ. पद्मावती

## स्वरूपानंद महाविद्यालय भिलाई में गणित विभाग ने मनाया साइंस वीक

सिटी रिपोर्टर | भिलाई

स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको में गणित विभाग द्वारा साइंस वीक का आयोजन किया गया। इसके समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्राध्यापक डॉ. पद्मावती ने कहा हमारे दिन की शुरुआत गणित से होती है। डिफ्रेंशियल कैल्कुलस में हम समस्या को छोटे-छोटे भागों में बांटकर हल करते हैं। वैसे ही हम जीवन में आने वाली कठिनाइयों को छोटे-छोटे हिस्से में बांटकर दूर कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इंटीग्रेशन में सबको जोड़कर हल करते हैं। फिल्मों में हम देखते हैं कि हीरो घर की छत से कूद रहा है। यह गणित के सिद्धांतों के बिना संभव नहीं है। यह कन्फार्मल मैपिंग के द्वारा संभव होता है। हमारे जीवन में हर क्षण, हर घड़ी गणित के सिद्धांत मौजूद है। डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि आज हमारे घर के हर क्रियाकलाप में गणित मौजूद है। भुगतान करते हैं। जो गणित की जानकारी के बिना संभव नहीं है।




स्वरूपानंद कॉलेज में मनाया गया साइंस वीक। छात्राएं हुईं सम्मानित।

### प्रतियोगिताओं में विज्ञान के तथ्यों को बताया

साइंस वीक पर ड्रॉबैक ऑफ साइंस विषय पर पी.पी.टी. प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बताया कि न्यूक्लियर से कैसे मनुष्य प्रजाति को खतरा है। बढ़ते प्रदूषण पर भी विद्यार्थियों की चिंता दिखी। कुछ ने बताया कि मोबाइल के प्रयोग से कैसे हम बंद कमरों में सिमटते जा रहे हैं। मिथ एंड फैक्ट में विद्यार्थियों ने बताया अंधविश्वास के पीछे कोई न कोई साइंस छिपा होता है। पर हम तथ्यों को नहीं जान पाते। अंतिम दिन प्रश्न मंच भी हुआ।

दैनिक भास्कर

# गणित की तरह अपनी समस्याओं को भी बांटकर कर सकते हैं हलः डॉ. पद्मावती

## स्वरूपानंद महाविद्यालय भिलाई में गणित विभाग ने मनाया साइंस वीक

सिटी रिपोर्टर | भिलाई

स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको में गणित विभाग द्वारा साइंस वीक का आयोजन किया गया। इसके समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्राध्यापक डॉ. पद्मावती ने कहा हमारे दिन की शुरूआत गणित से होती है। डिफ्रेंशियल केल्कुलस में हम समस्या को छोटे-छोटे भागों में बांटकर हल करते हैं। वैसे ही हम जीवन में आने वाली कठिनाइयों को छोटे-छोटे हिस्से में बांटकर दूर कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इंटीग्रेशन में सबको जोड़कर हल करते हैं। फिल्मों में हम देखते हैं कि हीरो घर की छत से कूद रहा है। यह गणित के सिद्धांतों के बिना संभव नहीं है। यह कंफार्मल मैपिंग के द्वारा संभव होता है। हमारे जीवन में हर क्षण, हर घड़ी गणित के सिद्धांत मौजूद है। डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि आज हमारे घर के हर क्रियाकलाप में गणित मौजूद है। भुगतान करते हैं। जो जानकारी के बिना संभव



स्वरूपानंद कॉलेज में मनाया गया साइंस वीक। छात्राएं हुईं सम्मानित।

### प्रतियोगिताओं में विज्ञान के तथ्यों को बताया

साइंस वीक पर ड्रॉबैक ऑफ साइंस विषय पर पी.पी.टी. प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बताया कि न्यूक्लियर से कैसे मनुष्य प्रजाति को खतरा है। बढ़ते प्रदूषण पर भी विद्यार्थियों की चिंता दिखी। कुछ ने बताया कि मोबाइल के प्रयोग से कैसे हम बंद कमरों में सिमटते जा रहे हैं। मिथ एंड फे... में विद्यार्थियों ने बताया अंधविश्वास के पीछे कोई न कोई साइंस छिपा होता है... हम तथ्यों को नहीं जान पाते। अंतिम दिन प्रश्न मंच भी हुआ।

# छुट्टियों में रीडर डाइजेस्ट, न्यूज पेपर पढ़ने की आदत डालें तो नॉलेज बढ़ेगा

## कॅरियर गाइडेंस • वीवायटी कॉलेज में गणित के छात्रों को एक्सपर्ट्स ने दिए रोचक टिप्स

सिटी रिपोर्टर | भिलाई

शासकीय वि. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा कैरियर गाइडेंस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें बीएससी गणित 32 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें एक्सपर्ट्स टीचर ने पढ़ाई के बाद बेहतर कैरियर बनाने के टिप्स दिए।

प्राचार्य डॉ. एमए सिद्दिकी ने विद्यार्थियों को भविष्य में गणित के विश्व में होने वाली उपयोगिता पर चर्चा की। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. ओपी गुप्ता ने 'सेट' परीक्षा की जानकारी दी। डॉ. पद्मावती ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों का उपयोग सभी विषयों के आधार को समझने, सामान्य ज्ञान बढाने के लिए किया जा सकता है। मोबाइल से ध्यान हटाकर रीडर्स डाइजेस्ट, अंग्रेजी व हिंदी समाचार पत्र पढ़ने की आदत डालें, इससे आप कांपीटेटिव एग्जाम्स के लिए तैयार हो पाएंगे। इससे जनरल नॉलेज भी बढ़ेगा।



कॉलेज के सभागार में एक्स स्टूडेंट्स ने भी अपने अनुभव साझा किए।

### मेहनत कभी वेस्ट नहीं होती, वह तो इन्वेस्ट है

सेट एक्सपर्ट राजेश पटेल ने विद्यार्थियों को अपना शौक ढूंढने और उसको अपना कैरियर बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति विज्ञान की दिशा में ईमानदार मेहनत के लिए दी जाती है। अपने गुण को पहचानें और उसे आगे बढ़ाएं। आप जो भी मेहनत करते हैं, वो कभी 'वेस्ट' नहीं होती। समय आने पर अपना रंग दिखाती है। उसे 'वेस्ट' नहीं 'इन्वेस्ट' कहा जा सकता है।

### छात्रवृत्ति का उपयोग ज्यादातर पढ़ाई में करें

पूर्व छात्र चित्रकुमार सिन्हा ने कहा कि अपनी छात्रवृत्ति का ज्यादा से ज्यादा उपयोग अपनी पढ़ाई के लिए करना चाहिए। जैम की परीक्षा का कोर्स नहीं होता है, जो हम बीएससी में पढ़ते हैं, लेकिन परीक्षा की तैयारी विशेष प्रकार से की जानी चाहिए। उसमें व्यवहारिक उदाहरणों का प्रयोग अधिक होता है जिसके लिए मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। छात्रवृत्ति को पढ़ाई के लिए उपयोग में लाएं।

### पिन पाइंटेड होकर सही दिशा में मेहनत करें

बीएससी अंतिम की छात्रा प्रगति अग्रवाल ने इसी वर्ष जैम की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य बनाकर पिन पाइंटेड होकर मेहनत करने की सलाह दी। दो बार सेट की परीक्षा पास करने वाले मनोज यादव ने बताया कि गणित के समूह की अवधारणा से ही रसायन शास्त्र को बेहतर समझा जा सकता है।

### सबसे पहले अपने स्वास्थ्य को बेहतर रखना जरूरी

कार्यक्रम का समापन करते हुए डॉ. प्राची सिंह ने मनुष्य की प्राथमिकता अपने शरीर को देते हुए हर काम के लिए आवश्यक स्वास्थ्य को सही रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आप पढ़ाई और बेहतर कैरियर के लिए तभी अच्छे तरीके से कर सकते से सोच सकते हैं जब आपका स्वास्थ्य अच्छा हो। इसलिए हमेशा फिट रहें।

# कैरियर गाइडेंस पर लगी कार्यशाला



दुर्ग. साइंस कॉलेज दुर्ग में गणित विभाग द्वारा द्वारा कैरियर गाइडेंस पर मंगलवार को कार्यशाला लगाई गई. जिसमें बीएससी गणित प्रथम और द्वितीय वर्ष के शासन की इंस्पायर योजना के तहत छात्रवृत्ति प्राप्त 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया. प्राचार्य डॉ. एम. ए. सिध्दिकी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए गणित के विश्व में होने वाले उपयोगिता पर चर्चा की. वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओ. पी. गुप्ता ने सेट परीक्षा की जानकारी दी. डॉ. पद्मावती ने कहा कि विद्यार्थियों को मोबाईल से ध्यान हटा कर रीडर्स डाइजेस्ट, अंग्रेजी-हिन्दी समाचार पत्र पढ़ने की आदत डालती चाहिए. डॉ. राकेश तिवारी ने कार्यशाला के उद्देश्य और महत्व पर विस्तृत जानकारी दी. कार्यशाला को छात्रसंघ सचिव कु. प्रगति अग्रवाल, मनोज यादव, राजेश पटेल व छात्रसंघ के पूर्व सचिव चित्रकुमार सिन्हा ने भी संबोधित किया.

पत्रिका . भिलाई, बुधवार, 08 मई, 2019

**ANCHOR** साइंस कॉलेज कॅरियर गाइडेंस वर्कशॉप

# युवा मोबाइल को छोड़ समाचार पत्र पढ़ने की डालें आदत

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

**भिलाई** ◆ साइंस कॉलेज, दुर्ग में कॅरियर गाइडेंस वर्कशॉप कराई गई। इसमें बीएससी गणित प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी शामिल हुए। शासन की इंस्पायर योजना तहत छात्रवृत्ति प्राप्त 32 विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। प्राचार्य डॉ. एमए सिद्दिकी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। वाणिज्य के प्रोफेसर डॉ. ओपी गुप्ता ने सेट परीक्षा की जानकारी दी।

डॉ. पद्मावती ने विद्यार्थियों को गर्मी की छुट्टियों का उपयोग सभी विषयों को बेहतर बनाने में करने को कहा। मोबाइल से ध्यान हटा कर रीडर्स डाइजेस्ट, अंग्रेजी, हिन्दी समाचार पत्र पढ़ने की आदत डालती चाहिए। डॉ. राकेश तिवारी ने इस कार्यशाला के उद्देश्य और महत्व पर विस्तृत जानकारी है।



**कार्यशाला :** मोबाइल से दूर रहकर भविष्य बनाने की ओर ध्यानाकर्षित करते वक्ता।

## बताया, जीवन चलाने करनी पड़ी मजदूरी भी

कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएससी अंतिम की छात्रा और महाविद्यालय के छात्रसंघ सचिव प्रगति अग्रवाल ने जैम की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रगति ने विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य बनाकर पिन पाइंटेड होकर मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने सलाह दी कि यदि कोई विद्यार्थी आज से ही निर्णय ले ले कि उसे किसी आइआइटी से किसी भी विषय में एमएससी करना है, तो आज से ही उस विषय के आधारभूत चीजों को आत्मसात करना होगा, प्रतिदिन उस विषय को कम से कम एक घंटे जरूर पढ़ें। एमएससी गणित उत्तीर्ण मनोज यादव ने दो बार 'सेट' की परीक्षा पास की है, और अभी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से पीएचडी कर रहे है। मनोज यादव को अपनी आर्थिकी के लिए मजदूरी भी करना पड़ी है।

## सुबह जल्दी उठकर करें व्यायाम

कार्यक्रम का समापन करते हुए आयोजन सचिव डॉ. प्राची सिंह ने मनुष्य की प्रथम प्राथमिकता अपने शरीर को देने की सलाह दी। इसके लिए उन्होंने बताया कि रोज ब्रह्म मुहुर्त में उठकर, शौचादि में निवृत्त होकर कम से कम आधा घंटे का शारीरिक व्यायाम हर वर्ग के लोगों के लिए जरूरी है।

पत्रिका PLUS
भिलाई, गुरुवार, 14.02.2019
PATRIKA.COM

# जुनून से मिलता है लक्ष्य : सिद्दिकी

पत्रिका PLUS रिपोर्टर



भिलाई ◆ साइंस कॉलेज दुर्ग के गणित विभाग ने बसंत पंचमी का उत्सव मनाया। प्राचार्य डॉ. एमए सिद्दीकी, गणित विभाग के डॉ. वीके साहू और डॉ. प्राची सिंह ने विद्यार्थियों से खुली चर्चा की। इन्होंने अपने छात्र जीवन के अनुभव सुनाए कि किस तरह एक शिक्षक की बातों का असर विद्यार्थियों के भविष्य पर पड़ता है। इन्होंने विद्यार्थियों को अपने भविष्य के प्रति जागरूक करते हुए गणित के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. सिद्दीकी का व्यक्तव्य आगामी नेट/सेट के मार्गदर्शन पर केन्द्रित था। वहीं डॉ. साहू ने विद्यार्थियों को जुनूनी होने के लिए प्रेरित किया। इंसान जब जुनून में होता है तो उसे केवल अपना लक्ष्य दिखाई देता है। इस कार्यक्रम में प्राची उपाध्याय, पूजा घोष एम.एससी पूर्व के छात्र चंद्रप्रकाश ने स्वरचित कविता प्रस्तुत की। एक घंटे चले इस कार्यक्रम में अतिथि प्राध्यापक निधि शर्मा, शोभा रानी और अर्चना पात्रा ने भी अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। संचालन करते हुए मोनिषा साहू ने बताया कि इस दिन विद्या की देवी मां सरस्वती का जन्म हुआ था, उन्हीं के जन्मदिवस के उपलक्ष्य बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है।

# 'गणित सुमन' का विमोचन



भिलाई. साइंस कॉलेज के गणित विभाग की ओर से प्रकाशित मैग्जीन 'गणित सुमन' का विमोचन गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर बीके शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एससी तिवारी ने की। कॉलेज की ओर से पिछले दस सालों से इस मैग्जीन का प्रकाशन किया जा रहा है। इसमें गणित की रुचिबद्ध जानकारी, रोचक तथ्य, विभाग व सूचनाओं के साथ-साथ स्टूडेंट्स के लिए कई तथ्य शामिल हैं। कार्यक्रम में डॉ. प्राची सिंह, डॉ. स्वाति वर्मा और निधि शर्मा का सहयोग रहा।

12.03.2016 Patrika News

The Hitavada

Tuesday ■ January 5 ■ 2016

# CityLine

# 28 students from twin cities succeed in RMO



Keshav Gupta



Prajjwal Jha



Harsh Shrivastava

■ **Staff Reporter**
DURG, Jan 4

MAXIMUM 28 students out of 36 from Durg-Bhilai have succeeded in Regional Mathematics Olympiad (RMO)-2015 conducted by Homi Bhabha Centre for Science Education (HBCSE) Mumbai.

District Coordinator RMO Dr Rakesh Tiwari, Assistant Professor Department of Mathematics, Government VYT PG Autonomous College has informed that candidates in this Examination: Kunaldas, Swasti Shreya Mishra, Pranav Gupta, Ananya Parikh, Saurabh Mallik, Tejas Meshram, Pranjal Gupta, Anugyas Das, C Nikhil, Arushi Verma, Vinayak Shukla and Nandini Rajput (all from DPS Bhilai), Keshav Gupta, Prajjwal Jha and Harsh Shrivastava from DPS Durg, Mayank Chaturvedi, Dev Aryadas and Ashish R Nair from KPS Bhilai, Shreerang Vaidya and Arnab Sarkhel from Shree Shankara Sector-10 Bhilai, Shivani Maharana and N Wanshi from BSP Senior Secondary School Sector-10 and Kumari Ishita Hariramani from Mile Stone have succeeded.

In order to create interest in Mathematics among girl students HBCSE has declared separate merit list of 5 students: Kumari Priyal Bharadwaj, DPS Bhilai, Kumari Tavishi Jatrele and Kumari Akshita Jain of DPS Bhilai, Kumari Chitralekha Dutta and Kumari Kritika Yadav from Sri Shankara Vidyalaya sector-10 Bhilai have brought laurels. All selected students will appear in Indian National Mathematical Olympiad (INMO) on January 17 at Government Yoganand Chhattisgarh College Raipur. 30 selected students will be given training for a month in Mumbai. After training 6 selected students will represent in International Mathematical Olympiad.

# साइंस कालेज में व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं

➲ गणित विभाग के एमएससी पूर्व व अंतिम द्वारा आयोजन

दुर्ग. व्यक्तित्व विकास आज के समय में एक ऐसा विषय है जिसकी जरूरत पढ़ाई करने के बाद हर युवा के लिए आवश्यक है.

समाज में एक ढर्रे की पढ़ाई के समय आज का युवा यह नहीं सोच पाता कि स्नातक के बाद स्नातकोत्तर फिर क्या किसी या प्रतियोगी परीक्षा या साक्षात्कार की तैयारी क्यों किसलिए या किस तरह, कब कैसे हो तथा यदि असफलता हाथ लगे तो किस प्रकार स्वयं को सम्हाला जाए, यह आज के युवाओं के सामने एक बड़ा प्रश्न है. यदि एक गणित के विद्यार्थी की बात की जाये तो एक क्लिष्ट विषय को पढ़ते समय एक विद्यार्थी परिवार, समाज और देश-दुनिया से एक तरह से कट सा रहता है. इसी कमतरी को देखते हुए महाविद्यालय के गणित विभाग में 13 अप्रैल को एमएससी पूर्व और अंतिम के विद्यार्थियों के लिए एक उत्साहवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र चौबे रहे. डॉ. चौबे ने अपने उद्बोधन में बहुत सरल शब्दों में विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहकर उसकी प्राप्ति के उपाय बताए. कार्यक्रम का संचालन करते हुए विभाग की डॉ. प्राची सिंह ने बताया है कि पर्सनालिटी शब्द परसोना से बना है जिसका अर्थ होता है मुखौटा. अतः इंसान को हर जगह एक मुखौटा लेकर चलना पड़ता है. यदि इंसान अपने अंदर के गुणों को जागृत कर ले तो उसे मुखौटे की जरूरत ही नहीं पड़ेगी और अंतरात्मा को जगाने के लिए सफाई स्वास्थ्य और स्वयं पर दृढ़ अनुशासन आवश्यक है.

अध्यक्ष की आसंदी से बोलते हुए विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एम. सिद्दिकी ने गणित की पढ़ाई के साथ-साथ, व्यक्तित्व विकास को अभिन्न अंग बताया. कार्यक्रम में विभाग के सभी सदस्य डॉ. पद्मावती, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. स्वाति वर्मा, श्रीमती शोभा रानी और कु. निधि शर्मा ने भी अपने अपने विचार प्रस्तुत किए. एमएससी अंतिम की कक्षा प्रतिनिधि कु. दीप्ति ने धन्यवाद ज्ञापित किया.

दुर्ग. नगर निगम के करीब आठ व
चंद्रिका चंद्राकर द्वारा असंगठित क
आयुक्त नारी शक्ति के रुप में कार्य

रायपुर, शुक्रवार 1 जुलाई 2016

### विश्वनाथ यादव, तामस्कर महाविद्यालय के छात्र ने बढ़ायामान

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रदीप जिले में प्रथम

**दुर्ग.** गायत्री शक्तिपीठ द्वारा संपूर्ण भारत के 22 राज्यों में विगत 22 वर्षों से प्रतिवर्ष सम्पन्न होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में इस वर्ष जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय के छात्र प्रदीप कुमार साहू ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है.

जिला समिति के सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि गत वर्ष 10 अक्टूबर को संपूर्ण छग में एक साथ सम्पन्न परीक्षा में दुर्ग जिले के पाटन, दुर्ग ग्रामीण एवं दुर्ग शहरी





ब्लाकों को मिलाकर 17400 छात्रों ने भाग लिया था. जिसमें कक्षा 5 वीं से 12 वीं एवं महाविद्यालय मिलाकर कुल 9 वर्गों में परीक्षा हुई थी. द्वितीय स्थान आकाश वर्मा स्वामी स्वरूपानंद महाविद्यालय हुडको एवं तृतीय स्थान तामस्कर महाविद्यालय के ही लोकेश कुमार को प्राप्त हुआ है. सभी कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान धारक छात्रों को नगद पुरस्कार विशेष मोमेंटो प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा. बालोद, बेमेतरा, दुर्ग एवं भिलाई मिलाकर 79200 छात्रों ने भाग लिया था.

दिनांक 9/9/16 को महाविद्यालय के ऑडियो-विजुअल हाल में तृतीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के बीच डॉ० प्राची सिंह

नवभारत 14/9/16

# साइंस कॉलेज में बताये हेल्थ टिप्स के गुर

**■ नवभारत समाचार।** दुर्ग.



शासकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित वक्ता व प्राध्यापक

**स्वस्थ** शरीर एवं स्वस्थ मन हमारी कार्यक्षमता में वृद्धि हेतु उत्तरदायी होता है. समस्त कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर होना चाहिए. ये उद्गार शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार राजपूत ने महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में व्यक्त किए. डॉ. राजपूत महाविद्यालय के आईक्यूएसी सेल द्वारा आयोजित कर्मचारियों हेतु स्वास्थ्य संबंधी कार्यशाला में बोल रहे थे. डॉ. राजपूत ने कहा कि हमारी दैनिक दिनचर्या में लापरवाही अनेक बीमारियों की वजह होती है. हमें अपने स्वयं एवं भावी पीढ़ी के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए.

कार्यक्रम के संचालक प्रो. प्रशांत श्रीवास्तव ने इस तरह के आयोजन को महाविद्यालय के कर्मचारियों के हित में लाभकारी बताते हुए कहा कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कर्मचारियों हेतु कम्प्यूटर प्रशिक्षण, योग एवं अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है.

रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा अस्थाना ने श्वसन प्रक्रिया एवं रक्तचाप संबंधी बीमारियों का जिक्र करते हुए कर्मचारियों से नियमित व्यायाम करने का आव्हान किया. कार्यशाला की मुख्य प्रशिक्षक प्रो. प्राची सिंह ने दैनिक दिनचर्या में प्रातः काल से लेकर सायं तक की अवधि में ध्यान देने योग्य बिन्दुओं का गहराई से विश्लेषण किया. प्रातः काल खाली पेट दो गिलास पानी पीने को डॉ. प्राची सिंह ने अमृत की संज्ञा दी. उन्होंने सांस लेने के तरीके, हाथ धोने के दौरान ध्यान रखने वाली तथा प्रातः काल दौड़ने के तरीके, भोजन करने का तरीका आदि का गहन प्रशिक्षण दिया. अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनुपमा अस्थाना ने किया.

नवभारत
रायपुर शुक्रवार
16 दिसम्बर, 2016
दुर्ग-भिलाई

प्रदेश से 30 विद्यार्थियों ने लिया था भाग, दुर्ग जिले से सर्वाधिक सफल

# मैथेमेटिकल ओलंपियाड में 26 सफल

**दुर्ग.** होमीभाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन मुम्बई द्वारा रीजनल मैथेमेटिकल ओलंपियाड2016 का परिणाम घोषित किया गया. इसमें पूरे प्रदेश के सफल 30 विद्यार्थियों में से सर्वाधिक 26 विद्यार्थी दुर्ग-भिलाई जिले के हैं.

जिला समन्वयक डॉ. राकेश तिवारी, सहा. प्राध्यापक गणित विभाग ने बताया कि सफल विद्यार्थियों में से डी. पी. एस. रिसाली भिलाई से शुभा अवस्थी, आरोन जेरी निनान, अनुज्ञान दास, शर्मिष्ठा कुमार, कृति जैन, अनन्या पारीख, सात्विक बन्छोर, अर्पित सिंह, होमी रघुवंशी, तनिश गुप्ता, वैभव जलानी, रिषभ भटनागर, सौरभ मल्लिक, मयंक पटेल, प्रणव गुप्ता, अमिषा असरानी, अनुभव पाल और शिशिर दानी, डी. पी. एस. दुर्ग के हर्ष श्रीवास्तव, के. पी. एस. भिलाई के शालिनी वारानसी, संजना तिवारी और श्रेयांश कुमार सोनी बी. एस. पी. सीनियर सेंकडरी स्कूल सेक्टर-10 से जी. वाहिनी, श्री शंकरा सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर -10 से कार्तिक अग्रवाल और नीलेश दास है.

महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इस प्रतियोगिता में छात्राओं हेतु आरक्षित पॉचों स्थान दुर्ग-भिलाई के विद्यार्थियों ने अर्जित किया है. इनमें डी. पी. एस रिसाली भिलाई से शालिनी अग्रवाल, अकांक्ष अग्रवाल, रश्मि कन्नूर और नव्या भट्ट एवं शंकराचार्य विद्यालय हुडको की कुमारी दृष्टि गुप्ता सफल रही है. ये विद्यार्थी अगले चरण की प्रतियोगिता इंडियन नेशनल मैथेमेटिकल ओलंपियाड में भाग लेंगे. यह परीक्षा 15 जनवरी को शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में दोपहर 12 से 4 के मध्य आयोजित है .इस वर्ष प्रथम बार यह परीक्षा हमारे महाविद्यालय में होगी. इसमें पूरे प्रदेश से चयनित 35 विद्यार्थी भाग लेंगे.

इस परीक्षा की तैयारी हेतु महाविद्यालय में दिनांक 31 दिसम्बर और 1 जनवरी को दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है. यह कार्यशाला छ.ग. काउंसिल फार साइंस एंड टेक्नोपाजी द्वारा प्रायोजित होगी. इस कायर्शाला में गणित ओलंपियाड से जुड़े देश के चुनिंदा विशेषज्ञ इन विद्यार्थियों को ओलंपियाड की बारीकियों पर मार्गदर्शन देंगे.

# प्राकृतिक व रंगों से चिकित्सा पर कार्यशाला हुई



विश्वनाथ तामस्कर महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राएं व प्राध्यापक

**दुर्ग.** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के गणित विभाग के तत्वावधान में 16 मार्च को महाविद्यालय के टैगोर हाल में डॉ. पद्मावती प्राध्यापक गणित विभाग की अध्यक्षता में प्राकृतिक चिकित्सा एवं रंगों से चिकित्सा विषय पत्र एक व्याख्यान का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम की शुरूआत में गणित विभाग की डॉ. प्राची सिंह ने नियमित जीवन, संतुलित खानपान और व्यवस्थित आचरण पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम की मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. अर्पणा रावल, प्राध्यापक, कम्प्यूटर साइंस विभाग बीआईटी उपस्थित रहीं. रावल मैडम ने बताया कि पांच भौतिक तत्वों, आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी के अतिरिक्त पांच पराभौतिक तत्व काल, दिशा, मन, तम और आत्मा भी हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है. हमारे हर अंग में इन दस तत्वों का सम्मिश्रण होता है. इन तत्वों के असंतुलन से शरीर रोगी हो जाता है. यदि इन्हें सुई, चुंबक, मेथीदाना या रंग से संतुलित कर दिया जाए तो शरीर के रोग दूर हो जाते है. रंगों के द्वारा चिकित्सा पर विशेष बल दिया क्योंकि इसे कोई भी व्यक्ति आसानी से कहीं भी स्वयं के द्वारा कर सकता है.

उन्होंने किसी अंग की विभिन्न उर्जाओं को बढ़ाने और आवश्यकतानुसार कम करने के लिए आवश्यक रंगों के विषय में विस्तार से चर्चा की. कार्यक्रम के अंत में कुछ सामान्य बीमारियों के ईलाज के लिए निदान बताया गया साथ ही विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों का उत्तर भी दिया गया. विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और इस तरह के कार्यक्रम बार-बार कराए जाने की इच्छा प्रकट की.

दिनांक 16/3/17

# Mathematics Competition organised at Government VYT PG College



Students appearing in the examination.

■ **Staff Reporter**

DURG, Dec 14

THE HITAVADA

BHABHA Centre for Science Education organised Madhav Mathematics Competition at Government VYT PG College. 39 students having graduation in Mathematics appeared in this examination. Durg district organizer Dr. Rakesh Tiwari informed this examination was also conducted in 4 colleges of the district.

Number of candidates appeared is as follows: Government Girls College 25, Kalyan PG College Bhilai 79, Bhilai Mahila Mahavidyalaya Sector-9 Bhilai 95, Dr. Khoobchand Baghel Government College Bhilai-3, 29.

Number of girls was more. Principal Dr. Sushil Chandra Tiwari extended good wishes to the students and wished them a bright future. Students getting high rank will be presented citation and cash prize by Tata Institute of Fundamental Research, Mumbai. Successful students will get benefit of scholarship for further higher education. State Coordinator of Madhav Mathematics Competition Dr. BK Pathak (Dhamtari) also encouraged the students.

The questions asked were multi optional, small answer and long answer and of higher secondary level. The paper was of 100 marks. Candidates told answers were interesting and knowledgeable. They enjoyed solving them.

This examination is organized every year. Coordinator Dr. Rakesh Tiwari opined the students get valuable help for appearing in various competitive examinations.

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
{पूर्वनामः शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)}
नैक ग्रेड–ए+, सी.पी.ई.–फेस–3, डी.बी.टी.–स्टार कालेज
फोन नं. 0788–2359688, फैक्स नं. 0788–2359688,
Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

दिनांक 06.11.2019

# सूचना

अत्यंत हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय के गणित विभाग में भूतपूर्व विद्यार्थियों की बैठक (Alumni Meeting) दिनांक 16.11.19 को दोपहर 2.00 बजे आयोजित है। आप सभी की उपस्थिति अपेक्षित है।

विभागाध्यक्ष
गणित विभाग

प्राचार्य
शास.वि.या.ता.स्नात.स्वशासी महावि.
दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई-दुर्ग भास्कर

भिलाई-रायपुर, शनिवार 11 जनवरी, 2020

# गणित की लोकप्रियता और रोजगार की दी गई जानकारी

एजुकेशन रिपोर्टर | भिलाई

साइंस कॉलेज के पीजी स्टूडेंट्स और प्रोफेसरों ने शासकीय स्कूल कुगदा में 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को माइक्रो बायोलॉजी तथा गणित की लोकप्रियता, इसका महत्व एवं इसमें रोजगार की संभावनाओं की जानकारी दी। गणित के छात्रों ने वैदिक गणित एवं सवालों को हल करने के आसान तरीके बताए। विज्ञान के छात्रों ने पोस्टर से प्रचलित रोगों के होने और उसकी रोकथाम की जानकारी दी।

छात्रों ने शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता और इसकी उपयोगिता की जानकारी दी। स्कूल के विद्यार्थियों को एंटीजन, एंटीबॉडी के बारे में बताया। पोस्टर से इसकी विस्तार में जानकारी दी। इसमें माइक्रो बायोलॉजी की प्रो. डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, अनामिका शर्मा, स्टूडेंट्स स्नेहल पिल्ले, मेघा साहू, योगेश बोकोडे, जलज कुमार साहू, आशीष यादव, रूपेश यादव, गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. राकेश तिवारी, शोभारानी, सफिया परवीन, प्रगति देवांगन, चित्ररेखा खैरवार, चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी आदि का योगदान रहा।

स्कूल के प्राचार्य सोमेन कुंडू ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए। इससे छात्र-छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि होती है।

जगदलपुर • कांकेर • कोंडागांव • बीजापुर • दंतेवाड़ा • सुकमा • नारायणपुर

नवभारत



जगदलपुर. कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों को गणित की बारीकियों के बारे में बताते अतिथि प्राध्यापक.

# गणित के शिक्षकों को पढ़ाया गणित का पाठ

■ नवभारत रिपोर्टर | जगदलपुर.

**शासकीय** काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ कॉउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नालॉजी के सहयोग से एक दिवसीय क्षेत्रीय गणित ओलंपियाड कार्यशाला का आयोजन 14 दिसंबर को किया गया. इसमें बस्तर संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में पदस्थ गणित के 70 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया.

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वी विजलक्ष्मी, विशिष्ट अतिथि डॉ राकेश तिवारी एवं अध्यक्षता प्रो बीएन सिन्हा ने की. कार्यक्रम के समन्वयक बस्तर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ वीके पाठक ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपरेखा के बारे में सबको बताया. मुख्य अतिथि डॉ विजलक्ष्मी ने कहा कि सभी विषयों में नित नई खोज होती रहती है, जिसके कारण शिक्षकों की भी जिम्मेदारी हो जाती है कि इन शोध से परिचित हों और छात्रों को भी परिचित कराएं. इस प्रकार के आयोजन से शिक्षकों का अनुशीलन होता है. कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो सिन्हा ने बताया कि गणितीय शिक्षा पद्धति समय-समय पर बदलती रहती है और इस बदलते परिवेश में विभाग का उद्देश्य रहा है कि विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को इससे अवगत कराएं. संचालन प्रो एफआर साहू ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ जीएस सलूजा ने किया. प्रथम सत्र में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार के प्राध्यापक डॉ पी झा ने प्रतिभागियों को गणित के सामान्य सूत्र विषय पर व्याख्यान दिया. दूसरे सत्र में शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ बीपी त्रिपाठी ने सामान्य बीजगणित विषय पर व्याख्यान दिया. तीसरे सत्र में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के सहायक प्राध्यापक डॉ राकेश तिवारी ने क्रिप्टो सिस्टम विषय पर व्याख्यान दिया. चौथे सत्र में डॉ वीके पाठक ने गणितीय असमिका विषय पर व्याख्यान दिया. कार्यक्रम में सीपी यादव, बीपी साहू, श्रीमती संध्या प्रसाद, डॉ रानू मेश्राम, धवल शाह, अंबरदास बैरागी एवं ग्रंथपाल शोएब अंसारी उपस्थित थे.

**आयोजन**

- पीजी कॉलेज में गणित ओलंपियाड में हिस्सा लिया 70 प्रोफेसर और शिक्षकों ने
- प्रशिक्षित हुए शिक्षक छात्रों को राष्ट्रीय मैथेमेटिक्स ओलंपियाड की तैयारी करवाएंगे